

दिल्ली, उ0प्र0, हरियाणा, पंजाब, गुजरात एवं राजस्थान में प्रसारित।

# गुरुकृपा दर्पण



UTTHIN/2022/85670

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

डाक सं० UA/DO/DON/02/2024-2026

वर्ष : 04 | अंक : 19 | हरिद्वार | शनिवार, 17 मई, 2025 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 4


## प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपनी जन्मभूमि के प्रति निष्ठावान रहें व उसके विकास में सक्रिय योगदान दे : बंशीधर तिवारी

देहरादून। सूचना एवं लोकसंपर्क विभाग के महानिदेशक एवं एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपनी जन्मभूमि के प्रति निष्ठावान रहते हुए उसके विकास में सक्रिय योगदान दे। उन्होंने कहा कि भले ही सकारात्मक पलायन हो रहा हो, फिर भी व्यक्ति को अपनी मिट्टी से जुड़े रहना चाहिए। बंशीधर तिवारी उत्तरजन टुडे सेंचुरियन क्लब द्वारा आयोजित पहाड़ कैसे हों आबाद? विषयक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार पलायन को रोकने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सीमांत गांवों को पुन: बसाने के प्रयास हो



रहे हैं। विगत तीन वर्षों में अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित किया गया है जिससे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि धामी सरकार का उद्देश्य पलायन रोकने के साथ-साथ पर्वतीय क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना है। महिला सशक्तीकरण पर विशेष बल दिया जा रहा है। सरकार सामाजिक सहभागिता को भी इस दिशा में महत्वपूर्ण मानती है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने की दिशा में सरकार संकल्पित है। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया गया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अपर आयुक्त तथा ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि राज्य सरकार मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रही है। पूरे प्रदेश में मिलावटी उत्पादों की जांच हेतु छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को स्वच्छ और शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसके लिए उपभोक्ताओं को जागरूक भी किया जा रहा है।

## श्यामपुर क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालयों की कमी बन रही समस्या

हरिद्वार। श्यामपुर क्षेत्र की जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रही है। सार्वजनिक शौचालय और यात्री प्रतीक्षालय जैसी सुविधाओं की भी भारी कमी है। कांगड़ी पीठ बाजार, श्यामपुर अपर मार्केट, और कई सार्वजनिक स्थलों पर आज तक सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण नहीं हो सका है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी

ऋषिकेश। बुद्ध पूर्णिमा को लेकर तीर्थनगरी के लोगों और श्रद्धालुओं में उत्साह नजर आया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने जरूरतमंदों और भिक्षुओं को दान कर पुण्य कमाया। सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा में स्नान के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। ऋषिकेश के प्रसिद्ध त्रिवेणी घाट, दत्तात्रेय घाट, नाव घाट, बहत्तर सीढ़ी, साईं घाट सहित मुनिकीरेती के नाव घाट, शत्रुघन घाट व स्वर्गाश्रम व लक्ष्मणझूला के विभिन्न घाटों पर सुबह से ही गंगा स्नान के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। दिन भर गंगा घाटों पर स्नान का सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालुओं ने पूर्णिमा स्नान के साथ गरीबों को दान कर पुण्य कमाया। तुलसी मानस मंदिर के महंत रवि प्रपन्नाचार्य महाराज ने बताया कि इस त्योहार का महत्व हिंदू और बौद्ध धर्म दोनों में ही है। वैशाख पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि इस दिन भगवान विष्णु के नौवें अवतार गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। गंगा घाटों पर कड़ी रही सुरक्षा- व्यवस्था बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा स्नान के लिए घाटों में भारी भीड़ उमड़ी। जिसको देखते हुए तमाम गंगा घाटों पर पुलिस ने भी जल पुलिस व सुरक्षा के पुख्ता व्यवस्थाएं बनाए रखी। जगह जगह घाटों पर जल पुलिस के जवान तैनात रहे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस जवानों ने संदिग्धों पर नजर बनाए रखी। श्रद्धालुओं को शांति, सत्य और अहिंसा की प्रेरणा दी- परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि बुद्धत्व हम सभी के भीतर है, बस हमें आंतरिक यात्रा की ओर लौटना होगा। बुद्धत्व कोई बाहर से प्राप्त वस्तु नहीं है, वह हमारे भीतर ही विद्यमान है। जैसे कमल कीचड़ में खिलता है, वैसे ही भीतर की अशांति, अज्ञान और दुख के बीच भी प्रकाश की किरण मौजूद है। आवश्यकता है उस ज्योति को पहचानने, जागृत करने और जीवन में उतारने की। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।


गुरुकृपा दर्पण (राष्ट्रीय समाचार पत्र) को आवश्यकता है उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों के लिए ब्यूरो चीफ, कैमरा मैन, संवाददाताओं की। सम्पर्क करें – 9410731129, 9548880101


## मुख्यमंत्री ने डोल आश्रम में श्री कल्याणिका हिमालय देवस्थानम न्यास के श्री पीठम स्थापना महोत्सव कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

अल्मोड़ा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को लमगड़ा, अल्मोड़ा स्थित डोल आश्रम में श्री कल्याणिका हिमालय देवस्थानम न्यास के श्री पीठम स्थापना महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने 11 कन्याओं का पूजन किया , माँ राजेश्वरी का अभिषेक तथा पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने पहलगाम हमले पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रहा है। हमारे सुरक्षाबलों ने इस हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा डोल आश्रम में आकर उन्हें हमेशा दिव्य ऊर्जा का अहसास होता है। बाबा कल्याणदास जी महाराज ने आश्रम में जिस प्रकार से श्रीयंत्र स्थापित किए हैं, वो आने वाले समय में भारतवर्ष के साथ सम्पूर्ण विश्व के लिए श्रद्धा का केंद्र बनेगा एवं इस आश्रम में शान्ति, आध्यात्म और संस्कृति को जानने के लिए विश्वभर से लोग आयेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मानसखंड मंदिर माला मिशन के माध्यम से समस्त मंदिरों को अवस्थापना सुविधाओं से जोड़ रही है , ताकि आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा डोल आश्रम,



धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ युवाओं को भारतीय संस्कृति के बारे में शिक्षित करने का महान कार्य कर रहा है। हमारे जैसे सांस्कृतिक प्रदेश जहाँ पर इतने देवस्थान है इस भूमि में जन्म लेना अपने आप में बहुत बड़ा सौभाग्य है, यह आश्रम हमारी पुरानी सभ्यता, संस्कृति का जीती-जागती उदाहरण और मिशाल है। यह साधना और आध्यात्म का भव्य और दिव्य केन्द्र है। उन्होंने कहा राज्य सरकार, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड को विकल्प रहित संकल्प के ध्येय के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सनातन संस्कृति की पताका सम्पूर्ण विश्व में लहरा रहा है। उन्होंने कहा प्रदेश में संस्कृति संरक्षण हेतु राज्य सरकार प्रतिबद्ध है, इसके लिए सरकार कठोर धमार्न्तरण का कानून लेकर आयी है। उन्होंने कहा हमने लैंड जिहाद , लव जिहाद जैसी अनेक साज़िशों पर कार्रवाई करते हुए अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा है। साथ ही समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला देश पहला प्रदेश बनने का गौरव उत्तराखंड ने हासिल किया है। सख्त नक़ल विरोधी क़ानून ने प्रदेश के युवाओं को एक निष्पक्ष अवसर प्रदान किया है और प्रत्येक जिले के अभ्यर्थी अब चयन सूची में जगह बना रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि डोल आश्रम को पूज्य महाराज कल्याणदास जी ने स्थापित किया।

# सम्पादकीय

## स्पष्ट संदेश


सम्पादक – देवेन्द्र जौहरी

ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को भरोसा देने का प्रयास किया है कि आतंकवाद के खिलाफ जंग में भारत की रणनीति यथावत है। भारतीय सशस्त्र सेना, खुफिया एजेंसी और वैज्ञानिकों की सराहना करते हुए उन्होंने उनके सामर्थ्य और संयम का जिक्र किया। हर भारतवासी की तरफ से उनको सैल्यूट किया। इस बात का भी खास तौर पर उल्लेख किया कि भारत कोई भी परमाणु ब्लैकमेल नहीं सहेगा। उल्लेखनीय है कि भारत ही नहीं, पूरे विश्व को संबोधित करने के लिए उन्होंने बुद्ध पूर्णिमा का दिन चुना और नपे तुले शब्दों के साथ भगवान बुद्ध के शांति के मार्ग का उल्लेख कर यह कहना नहीं भूले कि स्थायी शांति के लिए भारत का शक्तिशाली होना बहुत जरूरी है। यह दौर युद्ध का नहीं है, पर आतंकवाद का भी नहीं है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलरेंस है। पाकिस्तान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनके साथ बात होगी तो आतंकवाद और पीओके पर ही होगी। पाकिस्तानी फौज आतंकवाद को खाद-पानी दे रही है, जो एक दिन पाकिस्तान की समाप्ति का कारक बनेगा।

# हरिद्वार के रोला हेड़ी जंगल में पुलिस और गोकशों के बीच मुठभेड़



हरिद्वार जनपद के थाना कलियर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रोला हेड़ी के जंगल में 13 मई 225 की सुबह पुलिस और गौकशी कर रहे बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। सूचना मिलते ही चौकी इमली खेड़ा के प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां कुछ लोग जंगल में मांस की कटाई कर रहे थे। पुलिस को देख आरोपियों ने गोली चलाते हुए भागने की कोशिश की, लेकिन जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया, जबकि अन्य फरार हो गए। चौकी प्रभारी इमली खेड़ा को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई थी कि रोला हेड़ी के जंगल में कुछ लोग गौकशी में लगे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष कलियर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम सरकारी और निजी वाहनों से मौके पर रवाना हुई। जैसे ही टीम जंगल के भीतर पहुंची, वहां कुछ संदिग्ध लोग मांस काटते दिखे। पुलिस को आता देख इन लोगों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी और जंगल की ओर भाग गए। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और जंगल में कांबिंग ऑपरेशन चलाया। इस दौरान एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया, जिसकी पहचान नोशाद पुत्र इशाक (उम्र 42 वर्ष), निवासी ग्राम सिकरोड़ा थाना भगवानपुर के रूप में हुई। उसे प्राथमिक उपचार के लिए रुड़की अस्पताल और फिर एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। हरिद्वार पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध गतिविधियों में लिप्त अपराधियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। गौहत्या जैसे संवेदनशील अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# हरिद्वार के सराय क्षेत्र में फायरिंग के मामले में हरकत में आई पुलिस, 6 गुंडे गिरफ्तार, हथियार बरामद

हरिद्वार - हरिद्वार जिले के सराय क्षेत्र में फायरिंग की घटना के बाद पुलिस प्रशासन एक्शन में आ गया है। गुंडा तत्वों को कड़ा संदेश देते हुए पुलिस ने इस मामले में अब तक 8 आरोपियों को पकड़ लिया है, जिनमें से 2 पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। ताजा कार्रवाई में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं एक नाबालिग को संरक्षण में लिया गया है। उनके पास से तमंचा, कारतूस, तलवार, चाकू, लाठी और अन्य हथियार बरामद किए गए हैं। दिनांक 10 मई 2025 को ग्राम सराय,



ज्वालापुर में दो पक्षों के बीच आपसी रंजिश के चलते मारपीट और फायरिंग की घटना हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने महेश और रंजीत नामक दो युवकों को गिरफ्तार कर मुकदमा अपराध संख्या 225/2025 के तहत जेल भेजा। मामला सामने आते ही हरिद्वार पुलिस अधीक्षक एसएसपी अजय सिंह डोबाल ने सख्त रुख अपनाया और कहा कि- युवाओं में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति चिंताजनक है, अभिभावकों को चाहिए कि वे अपनी जिम्मेदारी निभाएं। लगातार छापेमारी से मिली सफलता पुलिस ने इस घटना से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश शुरू की और लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई। आज दिनांक 12 मई 2025 को पुलिस को बड़ी सफलता मिली जब 6 युवकों को हिरासत में लिया गया और एक नाबालिग को संरक्षण में लिया गया।

## उत्तराखंड पत्रकार यूनियन कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

हरिद्वार। उत्तराखंड पत्रकार यूनियन की सोमवार को रानीपुर मोड़ कार्यालय पर हुई बैठक में जिलाध्यक्ष प्रमोद गिरि ने मनीष सिंह, रामेश्वर दयाल शर्मा, विकास चौहान, आनंद गोस्वामी, आवेश अंसारी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया। प्रवीण पेगवाल, मनीषा सूरी, को संगठन मंत्री, दीपक मौर्या को सचिव, शमशेर अली, को संयुक्त सचिव, सुब्रह्मण्यम, विशाल गोस्वामी को प्रचार मंत्री विजय नियुक्त किया। रिजवान अहमद, विजय कुमार बंसल, नौशाद खान, दिनेश शर्मा, धीरज शर्मा, सिद्धार्थ त्रिपाठी, कुलदीप सिंह और चंद्रशेखर गोस्वामी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। मुख्य मार्ग दर्शक मंडल तथा विशेष आमंत्रित सदस्यों में मुदित अग्रवाल, डॉ. विशाल गर्ग, अश्वनी अरोड़ा, पंकज कौशिक, रूपेश वालिया, रविंद्र सिंह कोशामिल किया गया है।

# हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित छठे सुशासन कैंप में 65 मानचित्र प्राप्त हुए,

हरिद्वार। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री के सुशासन हेतु सरलीकरण समाधान, निस्तारण तथा संतुष्टि के मन्त्र के अन्तर्गत हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण द्वारा समस्त प्रकार के एकल आवासीय भवनों तथा 75 वर्ग मीटर तक के भूखण्ड क्षेत्रफल के व्यवसायिक भवनों के मानचित्र स्वीकृति हेतु सुशासन कैम्प के आयोजन के क्रम में षष्ठम् कैम्प आज दिनांक 13.05.2025 को बहादराबाद ब्लाक तथा मुख्यालय-हरिद्वार में किया गया। सुशासन कैम्प में विगत कैम्प के लम्बित 28 भवन मानचित्र सहित कुल 65 भवन मानचित्र आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 57 आवासीय भवन मानचित्र तथा 08 व्यवसायिक भवन मानचित्र है। प्राप्त 65 मानचित्र आवेदन पत्रों में से कुल 39 मानचित्र आवेदन जिसमें 31 आवासीय मानचित्र तथा 08 व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृत किये गये। इस प्रकार अब तक कुल 446 भवन मानचित्र आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 386 आवासीय तथा 60 व्यवसायिक श्रेणी के मानचित्र आवेदन है। प्राप्त कुल आवेदन पत्रों में से 371 भवन मानचित्र स्वीकृत किये गये, जिसमें 313 आवासीय भवन मानचित्र तथा 58 व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृत किये गये। प्रथम कैम्प दिनांक 30.04.2025 से षष्ठम् कैम्प दिनांक 13.05.2025 तक मानचित्रों की स्वीकृति आदि से कुल 736.62 लाख की आय प्राप्त हुयी है। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा कैम्पों का निरीक्षण किया गया तथा कैम्पों में आये नागरिकों/आवेदकों से उनकी समस्याओं आदि पर चर्चा करते हुए कठिनाईयों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया साथ ही सुशासन कैम्प के सफल आयोजन पर संतुष्टि व्यक्त की गयी। कैम्प में प्राधिकरण के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता व प्राधिकरण के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। आगामी सुशासन कैम्प दिनांक 15.05.2025, 19.05.2025 एवं 21.05.2025 को मुख्यालय-हरिद्वार में आयोजित होना नियत है, जो व्यक्ति अपना एकल आवासीय भवन तथा 75 वर्ग मीटर तक के भूखण्ड क्षेत्रफल के व्यवसायिक भवन के मानचित्र स्वीकृत कराना चाहते हैं, तो कैम्प में सम्बन्धित दस्तावेजों के साथ आकर मानचित्र स्वीकृत करा सकते हैं।


darpan NEWS

देवेन्द्र जौहरी
**सहसम्पादक**
जतिन शर्मा
**सहसम्पादक**
विक्रान्त शर्मा
**कानूनी सलाहकार**
जसमहिन्द्र सिंह एडवोकेट

# ढौरा गांव में महिलाएं सीख रहीं मशरूम उत्पादन की तकनीक



अल्मोड़ा। मोहन उप्रेती लोक संस्कृति, कला एवं विज्ञान शोध समिति और उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के मानसखंड साइंस सेंटर, अल्मोड़ा के संयुक्त तत्वावधान में 25 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय चरण की शुरुआत मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण से हुई। शिविर के इस चरण में ढौरा गांव की 25 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। ग्राम की महिलाओं को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान कमल अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। राजेश अधिकारी ने कहा कि स्वरोजगार के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन को रोका जा सकता है और स्थानीय संसाधनों का सही उपयोग किया जा सकता है। संस्था के सचिव कमल पांडे ने बताया कि यह प्रशिक्षण न केवल महिलाओं के सशक्तिकरण का माध्यम है, बल्कि ग्राम ढौरा को मशरूम ग्राम के रूप में विकसित करने की दिशा में पहला कदम भी है। प्रशिक्षिका नमिता टम्टा ने महिलाओं को विस्तार से बताया कि कैसे मशरूम उत्पादन से आय को तिगुना किया जा सकता है। कार्यक्रम में पंकज कुमार ने अपने पिथौरागढ़ जिले के अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे वहां की महिलाएं 2 से 3 बैग के छोटे स्तर पर भी अच्छा मुनाफा कमा रही हैं। संस्था के अध्यक्ष हेमंत कुमार जोशी ने जानकारी दी कि संस्था न केवल उत्तराखंड की लोक कला को बढ़ावा दे रही है, बल्कि कृषि की नई तकनीकों के प्रचार-प्रसार के लिए भी लगातार प्रयासरत है, ताकि गांव की महिलाएं आसानी से स्वरोजगार को अपना सकें। प्रशिक्षण शिविर के आगामी चरणों में महिलाओं को जूट से बैग बनाना, मधुमक्खी पालन, पीरूल से कोयला बनाना जैसे व्यावहारिक प्रशिक्षण दिए जाएंगे। इस अवसर पर संस्था की कविता ढेला और गीता देवी भी मौजूद रहीं।

# अनियंत्रित तरीके से वाहन चलाने पर चालक गिरफ्तार

रुड़की। अनियंत्रित तरीके से वाहन चलाने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी का एमवी एक्ट में चालान कर दिया है। रविवार की देर रात को अपर उप निरीक्षक नरेंद्र राठी गंगनहर पुल पर चेकिंग कर रहे थे। एक वाहन चालक अनियंत्रित तरीके से वाहन चलाते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने वाहन चालक को रुकने का इशारा किया तो आरोपी ने वाहन दौड़ाने की कोशिश की तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेने के साथ ही चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सरवन कुमार निवासी नगंली थाना सरधना जिला मेरठ बताया है। पुलिस ने आरोपी का एमवी एक्ट में चालान कर दिया है।

# पड़ोसी पर मारपीट का आरोप लगाया

रुड़की। एक महिला ने सोमवार को पड़ोसी युवकों पर मारपीट का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइंस कोतवाली के डिफेंस कॉलोनी निवासी एक महिला सोमवार को कोतवाली पहुंची। पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि पड़ोसियों के साथ उसका विवाद चल रहा है। आरोप है कि पड़ोसी युवकों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट और जान से मारने की धमकी दी है। एसएसआई विनोद थपलियाल ने बताया कि तहरीर पर जांच की जा रही है।

# कंटेनर ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में मारी टक्कर

रुड़की। रविवार की देर रात को मंगलौर बस स्टैंड के पास एक ट्रक सड़क किनारे खड़ा हुआ था। दिल्ली की ओर से आ रहे कंटेनर ने पीछे से ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कंटेनर चालक सलमान निवासी भुट्टन बाजपुर बदायूं गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# भारत के ताकत की गूंज पूरे विश्व में सुनाई दी : त्रिवेंद्र

विकासनगर। बौद्ध उत्सव मेला समिति की ओर से नगर के एक वेडिंग प्वाइंट में बुद्ध पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र रावत ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है दुनिया में शांति बनाए रखना और किसी को सताना नहीं। लेकिन अगर पड़ोसी परेशान कर रहा है तो वर्तमान परिदृश्य में उसे उसी की भाषा में जवाब देना जरूरी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत विश्व में हमेशा से ही शांति दूत के तौर पर जाना जाता है, लेकिन हमारी शांति प्रियता को कमजोरी नहीं समझना चाहिए। हम शांति का संदेश देने के साथ ही खुद पर हुए हमले का भी कड़ा जवाब देते हैं। उन्होंने कहा कि उपदेश भी वही देता है, जिसके पास खुद को बचाने की ताकत भी हो। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को उसी के घर में जाकर करारी चोट पहुंचाई है। कहा कि जब भारत ने ताकत दिखाई तो उसकी गूंज पूरे विश्व में सुनाई दी। कहा कि हमने अपने नागरिकों की हत्या का बदला लिया है। इस ऑपरेशन सिंदूर से पूरे विश्व को यह जानकारी मिली कि भारत अपने दुश्मन को उसी के घर में मारने की ताकत रखता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास वही बनाते हैं, जो विजय प्राप्त करते हैं। इस लिहाज से भारत सदियों से इतिहास बनाता आ रहा है। कहा कि भारत भगवान बुद्ध और सम्राट अशोक के सिद्धांतों पर चलते हुए अपनी रक्षा करना भी जानता है। इस दौरान नीरज सैनी, रितेश असवाल, कपिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बाबा विश्वनाथ जगदीशिला डोली से लिया आशीर्वाद

नई टिहरी। विकासखंड मुख्यालय थत्यूड़ बाजार में प्रथम बार बाबा विश्वनाथ जगदीशीला डोली यात्रा के पहुंचने पर व्यापारियों व क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने डोली के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। डोली सुकुटीयाणा बाजार मुख्य बाजार से होते हुए त्रंबकेश्वर शिव मंदिर पहुंची व्यापारियों व स्थानीय लोगों ने डोली पर पुष्प फूल माला अर्पित कर भव्य स्वागत किया। मंदिर में डोली की पूजार्चना की गई। लोगों ने डोली से सुख शांति और खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर डोली संयोजक पूर्व काबीना मिनिस्टर मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि यह 26 वीं डोली यात्रा विगत 8 मई से गंगा नगरी हरिद्वार से प्रारंभ हुई है और आज चौथे दिन पहली बार थत्यूड़ आगमन हुआ है। उन्होंने बताया कि डोली यात्रा का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति व उत्तराखंड के चारों धाम सहित 1 शक्तिपीठों का प्रचार-प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को देवभूमि का दर्जा प्राप्त है



और यहां पर देव व गंगा की आरती होती है। उसी तर्ज पर हिमालय पर्वत पर अनेक ऋषि मुनि तप साधना कर रहे हैं। इसलिए हिमालय पर्वत की भी आरती होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह डोली यात्रा उत्तराखंड के सभी देवस्थलों व सिद्ध पीठ से होते हुए अंत में 5 जून को टिहरी जिले के बिशोन पर्वत पर संपन्न होगी। इस अवसर पर डोली यात्रा के अध्यक्ष रूप सिंह बजियाला, इंद्र भूषण बडोनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष अकबीर पंवार, विक्रम चौहान, महावीर सजवाण, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील थपलियाल, चेतन प्रसाद नौटियाल, पृथ्वी रावत, गोविंद सिंह नेगी, जयेंद्र बिजलवाण, जयवीर गोसांई, विजय गौड़, शैलेंद्र नौटियाल आदि शामिल रहे।

# देहरादून में चमके अल्मोड़ा के कराटे खिलाड़ी, झटके 15 पदक

अल्मोड़ा। देहरादून में 9 से 11 मई तक आयोजित 22वीं उत्तराखंड राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में अल्मोड़ा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 15 पदक अपने नाम किए। इनमें तीन स्वर्ण, तीन रजत और नौ कांस्य पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता सब-जूनियर, कैडेट, जूनियर और सीनियर वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए आयोजित की गई थी। कराटे एसोसिएशन अल्मोड़ा के महासचिव एवं कोच हरीश सिंह चौहान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने आत्मविश्वास और तकनीकी कौशल के साथ शानदार खेल दिखाया। विजेता खिलाड़ियों को उत्तराखंड कराटे एसोसिएशन के महासचिव संजीव कुमार जांगड़ा, जिला क्रीड़ा अधिकारी देहरादून, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज देहरादून के प्रधानाचार्य मंगेश ममगाई, अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी लक्ष्मण सिंह, तथा खेल विभाग के कोच दीपक अधिकारी और दीपक कुमार द्वारा पदक और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में चंदन भट्ट, विनोद जोशी और कुसुम लता ने स्वर्ण पदक हासिल किया। रजत पदक जीतने वालों में पार्थिक गुर्रानी, तनुजा जीना और लीलावती का नाम शामिल है। वहीं कांस्य पदक विजेता दीपक भट्ट, पूजा बिष्ट, ज्योति बिष्ट, प्रवजल धानिक, सिद्धार्थ धानिक, प्रेम सिंह गैड़ा, नीरज भैंसवड़ा, अंजली बिष्ट और सोनू कुमार रहे। कोच चौहान ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेताओं का चयन जून में होने वाली सब-जूनियर व जूनियर नेशनल कराटे प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जबकि अन्य पदक विजेता दिल्ली में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

# गढ़वाल के पांच दिवसीय दौरे पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत



देहरादून। सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत गढ़वाल मंडल के चार दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह अपनी विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास योजनाओं का जायजा लेंगे, साथ ही विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी करेंगे। इसके उपरांत डॉ. रावत चमोली जनपद का भ्रमण करेंगे, जहां वह चार धाम यात्रा से जुड़ी तमाम व्यवस्थाओं को परखेंगे। चमोली जिला मुख्यालय में कैबिनेट मंत्री स्थानीय प्रशासन की बैठक लेंगे, इसके साथ ही वह स्वास्थ्य, शिक्षा और सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी विभागीय अधिकारियों से लेंगे। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि वह आगामी 17 मई तक गढ़वाल मंडल के दौरे पर रहेंगे। पांच दिवसीय दौरे की शुरूआत वह अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर से करेंगे। जहां वह मंगलवार को सिमखेत में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर बाढ़ सुरक्षा कार्यों का शिलान्यास करेंगे। बुधवार को डॉ. रावत कलगड़ी मल्ली में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर स्थानीय लोगों से मुलाकात करेंगे। इसके उपरांत वह कालौं, चमगांव और पटोटी में आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान वह राजकीय इंटर कॉलेज कालौं के नव निर्मित भवन तथा पटोटी के बहुउद्देशीय पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे साथ ही वह प्राथमिक विद्यालय कालौं व चमगांव के स्वीकृत भवन व सौन्दर्यीकरण का शिलान्यास करेंगे। गुरूवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत भुवनेश्वरी में ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर नव प्रवेशित छात्रों के मंगल स्नान एवं यज्ञोपवीत संस्कार में हिस्सा लेंगे और उन्हें दीक्षारम्भ की शुभकामनाएं प्रेषित करेंगे। इसके उपरांत वह ग्वाडीगाड, सरणा, चोपड्यूं और पाबौं में विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण करेंगे। जिसमें राजकीय प्राथमिक विद्यालय ग्वाड़ीगाड, जूनियर हाईस्कूल सरणा के नव निर्मित भवन तथा चोपड्यूं में पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद पाबौं में ब्लॉक सभागार एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के इंटरलॉकिंग टाइल रास्ते का लोकार्पण करेंगे। पाबौं में डॉ. रावत व्यापार मंडल के पादधिकारियों की बैठक में शामिल होंगे। 16 व 17 मई को कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत चमोली जनपद के दौरे पर रहेंगे। जहां वह चार धाम यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। इस दौरान वह यात्रा मार्गों पर स्थित स्वास्थ्य विभाग की स्थाई व अस्थाई चिकित्सा इकाईयों का भी निरीक्षण करेंगे। इसके उपरांत वह जिला मुख्यालय में स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग के साथ स्थानीय प्रशासन की बैठक लेंगे। जिसमें विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे साथ ही चार धाम यात्रा व्यवस्था पर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा करेंगे।

# संतों ने किया वृंदावन के राधा रमण लाल के प्राकट्य लीला का गुणगान

देहरादून। डीएल रोड स्थित श्री चैतन्य गौड़ीय मठ में चल रहे वार्षिक कार्यक्रम के अवसर पर सोमवार को हुए प्रवचनों में संतों ने वृंदावन के राधा रमण लाल के प्राकट्य लीला का गुणगान किया। कथा के दौरान संतों ने बताया गोपाल भट्ट गोस्वामी शालिग्राम की पूजा करते हुए विचार करते थे कि मेरे ठाकुर जी का भी स्वरूप होता तो मैं भी उनका सुंदर-सुंदर श्रृंगार कर पाता। गोपाल भट्ट स्वामी एक दिन अपने शालिग्राम के आगे विरह वेदना में व्याकुल होकर रूदन करने लगे कि आप प्रहलाद के लिए खंभे से प्रकट हो गए, मेरे लिए शालिग्राम से प्रकट नहीं हो सकते। नरसिंह चतुर्दशी पूर्ण हुई। तब आज के दिन ही गुरु पूर्णिमा के दिन शालिग्राम से ठाकुर जी राधा रमन देव के रूप में प्रकट हो गए। संतों ने बताया वर्तमान समय में भी उनके दर्शन अलग-अलग स्वरूप में होते हैं। प्रत्येक दिन उनके चेहरे के अलग-अलग स्वरूप के दर्शन होते हैं। कभी मुस्कुराते हुए उनका एक दांत तो कभी मुस्कुराते हुए दोनों दांत के दर्शन होते हैं। भक्ति विचार विष्णु महाराज ने बताया कल मंगलवार को दोपहर बाद 4 बजे मठ से नगर संकीर्तन निकलेगा। डीएल रोड स्थित श्री चैतन्य गौड़ीय मठ से सोमवार को कथा में भक्ति वेदांत तेजस्वी महाराज, पर्वत महाराज, भक्त श्रवण तीर्थ महाराज, शुधा दीति महाराज ने प्रवचन किए। देश विदेश में हरिनाम संकीर्तन का प्रचार कर रहा गौड़िय मठ श्री चैतन्य गौड़ीय मठ के आचार्य भक्ति विचार विष्णु महाराज का कहना है कि गौड़ीय मठ के पूर्व आचार्य स्वामी श्री भक्त वल्लभ तीर्थ गोस्वामी महाराज का जन्म शताब्दी महोत्सव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। मठ में हुई प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि जन्म शताब्दी महोत्सव भारत के 14 प्रांतों की राजधानियों के साथ ही अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मन, फ्रांस, इटली, स्लोविया आदि देशों में हो चुका है। श्री राम नवमी 2026 तक भारत के सभी प्रांतों एवं विश्व के उन 25 देशों में जहां जहां महाराज ने सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार किया है, उन सभी देशों में यह जन्म शताब्दी समारोह मनाने का कार्यक्रम है। इसकी शुरूआत 21 मई से हो रही है। जल्द ही ऋषिकेश में दो एकड़ जमीन पर आश्रम बनाया जाएगा। जहां प्रचारक सिर्फ महिलाएं ही होंगी।

# केदारनाथ यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में उत्साह :आशा

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि बाबा केदारनाथ के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि अब तक ढ़ाई लाख श्रद्धालु धाम में पहुंचकर बाबा केदारनाथ के दर्शन कर चुके हैं। कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सुगम एवं सुरक्षित यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कतें न हो इसके लिए यात्रा के विभिन्न पड़ावों एवं पैदल मार्गों पर स्थानीय प्रशासन की टीमें मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों द्वारा जांच के बाद स्वस्थ पाए जाने वाले घोड़े खच्चरों से श्रद्धालुओं एवं आवश्यक सामग्री को धाम तक पहुंचाया जा रहा है। इसके साथ ही डंडी कंडी, हेलीसेवा एवं पैदल चलकर हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन धाम में पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर में दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं को असुविधा न हो इसके लिए टोकन व्यवस्था की गई है। जिससे सुगम और सरल दर्शन हो रहे हैं। बुर्जुग एवं महिलाओं की सुविधा के लिए सोनप्रयाग एवं गौरीकुंड में शटल सेवा में 25 से अधिक वाहन आरक्षित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। विधायक ने कहा कि केदारनाथ धाम की यात्रा पूर्ण रूप से सुरक्षित है जिसका परिणाम है कि प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 2013 की आपदा के बाद पुनर्निर्माण के कार्यों से केदारपुरी दिव्य एवं भव्य रूप में नजर आ रही है। इसके अलावा धाम में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। विधायक ने केदारनाथ धाम की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए बाबा केदारनाथ से प्रदेश एवं देशवासियों की सुख एवं समृद्धि की कामना की।

# स्नेहा राणा ने कोलंबो में रचा इतिहास

देहरादून। प्रतिभाशाली क्रिकेटर व ग्राफिक एरा की छात्रा स्नेह राणा ने कोलम्बों में एक नया इतिहास रच दिया है। वे महिला वनडे सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेकर स्नेह राणा यह रिकॉर्ड बनाने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर बन गई हैं। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी की एमबीए की छात्रा व स्पिनर ऑलराउंडर क्रिकेटर स्नेह राणा ने यह इतिहास श्रीलंका में महिलाओं की वन- डे ट्राई नेशन क्रिकेट सीरीज में बनाया है। एक सीरीज में 15 विकेट लेकर स्नेह राणा वर्ष 2023 में ऑस्ट्रेलिया की कैथ्रीन फिट्जपैट्रिक के बनाए वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी करने में सफल हो गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की कैथ्रीन फिट्जपैट्रिक ने 2023 में वर्ल्ड सीरीज के दौरान 15 विकेट लिये थे। स्नेह ने अपनी शानदार गेंदबाजी से यह रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया। उन्होंने टूर्नामेंट में श्रीलंका व साउथ अफ्रीका के खिलाफ पंद्रह विकेट लिए। टूर्नामेंट में भारतीय टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द



टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया। वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली भारत की पहली और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर कैथरीन फिट्जपैट्रिक के साथ संयुक्त रूप से दुनिया की दूसरी महिला क्रिकेटर बन गयी हैं। उन्होंने महिलाओं की श्रृंखला में सर्वाधिक विकेट लेने का लंबे समय से चला आ रहा भारतीय क्रिकेटर नूशिन अल खादीर का बारह विकेट का रिकार्ड भी तोड़ दिया। ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. कमल घनशाला ने स्नेह की इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि स्नेह राणा पर पूरे देश को गर्व है। उत्तराखंड की इस बेटी ने सीरीज में पंद्रह विकेट लेने का इतिहास रचकर अंतराष्टीय स्तर पर ग्राफिक एरा के साथ ही देश और उत्तराखंड का भी मान बढ़ाया है।

# सहायक अध्यापिका से छेड़छाड़ करने पर लिपिक गिरफ्तार

हरिद्वार। थाना बहादराबाद क्षेत्र के एक जूनियर हाईस्कूल में कार्यरत सहायक अध्यापिका ने लिपिक पर छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर बहादराबाद थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना बहादराबाद क्षेत्र निवासी पीड़िता महिला अध्यापिका एक कन्या जूनियर हाईस्कूल में सहायक अध्यापिका के पद पर तैनात हैं। बताया गया कि रोहलकी निवासी आरोपी वरुण उसी विद्यालय में लिपिक के पद पर तैनात है। पीड़िता की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि 1 मई को ड्यूटी के दौरान वह अपनी एक अन्य महिला सहकर्मी के साथ विद्यालय की रसोई की ओर जा रही थी।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **देवेन्द्र जौहरी** द्वारा साप्ताहिक समाचार पत्र **''गुरुकृपा दर्पण''** को रूद्र प्रिंटिग प्रेस, ई-34, ओल्ड इड्रस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं एस-3, अशोक विहार कालोनी, कनखल, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित।
सम्पादक: **देवेन्द्र जौहरी**
मो. – 9997331129
E-mail : gurukripadarpan@gmail.com